Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

03/06/2023 अखिल भारतीय

प्रेस विज्ञप्ति 03 जून, 2023

एलआईसी अध्यक्ष ने बालासोर त्रासदी के पीड़ितों के लिए राहत की घोषणा की

02.06.2023 को ओडिशा के बालासोर में हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना से भारतीय जीवन बीमा निगम को गहरा दुख हुआ है। भारतीय जीवन बीमा निगम प्रभावित लोगों का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है और वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा। एलआईसी के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ महान्ति ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

एलआईसी के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ महान्ति ने एलआईसी पॉलिसियों और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की। पंजीकृत मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले रेलवे अधिकारियों, पुलिस या किसी राज्य या केंद्र सरकार के प्राधिकरणों द्वारा प्रकाशित हताहतों की सूची को मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। दावा संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने और दावेदारों को सहायता प्रदान करने के लिए मंडल और शाखा स्तर पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का तेजी से निपटारा किया जाए।

अन्य किसी सहायता के लिए दावेदार निकटतम शाखा/मंडल/ग्राहक क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं।
दावेदार हमारे कॉल सेंटर - 02268276827 पर भी कॉल कर सकते हैं।

दिनाँक:- 03 जून 2023, मुंबई।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई, ईमेल :ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर विजिट करें

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। जबकि हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी आसानी से स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके ऊपर है।